# प्रारंभिक संबोधन

**सभापति** : माननीय मुख्यमंत्री-सह-सदन नेता,
मानननीय उप सभापति,
माननीय नेता, विरोधी दल,
माननीय मंत्रीगण,
माननीय मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल,
माननीय मुख्य सचेतक, विरोधी दल,
माननीय उप मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल,
माननीय सचेतक, सत्तारूढ़ दल,
विभिन्न दलों के माननीय नेतागण,
बिहार विधान परिषद् के सभी माननीय सदस्यगण,
प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण !

बिहार विधान परिषद् के 204वें सत्र में आप सबों का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। विश्वास है कि इस सत्र में प्रस्तावित कुल 5 बैठकों में राज्यहित एवं विकास से जुड़े अधिक-से-अधिक विषयों पर सार्थक विमर्श होंगे।

विगत दिनों में राज्य सरकार द्वारा जनहित में लिए गए निर्णयों के सकारात्मक परिणाम आए हैं। सूडान और मणिपुर में उत्पन्न संकट के बाद अपने साधन से बिहारियों को वापस लाने की व्यवस्था के निर्णय के बाद माननीय मुख्यमंत्री के इस सूत्रवाक्य की बार-बार चर्चा होती है कि सरकार के खजाने पर पहला अधिकार आपदा से प्रभावित संकटग्रस्त लोगों का है। बालासोर रेल दुर्घटना से प्रभावित परिवारों को सहायता एवं पुनर्वास के प्रति सरकार के प्रयास प्रशंसनीय हैं।

राज्य के सर्वांगीण विकास हेतु राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्रीजी का न्याय के साथ विकास की परिकल्पना हर क्षेत्र में परिलक्षित हो रही है। युवाशक्ति को सरकारी नौकरी और स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहित एवं प्रेरित किया जा रहा है। कौशल विकास एवं उद्यमिता बढ़ाने हेतु विभिन्न रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही साथ उनके लिए पूंजी की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है।

अपनी उत्कृष्ट बौद्धिक क्षमता का परिचय देते हुए बिहारी विद्यार्थियों ने वर्ष 2022 की आई.ए.एस. परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर हमें गौरवान्वित किया है। बिहार की बेटियां इशिता किशोर एवं गरिमा लोहिया के इस विलक्षण उपलब्धि के लिए पूरे सदन की ओर से बधाई देता हूं।

21 वर्ष से कम उम्र वर्ग के विश्व युवा तीरदंजी प्रतियोगिता में बिहार के बेगूसराय के लाल प्रियांश ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विश्व चैंपियन का खिताब जीत लिया है। भारतीय दल ने 05 (पांच) स्वर्ण सहित कुल 09

पदक प्राप्त कर संपूर्ण भारत का नाम रौशन किया है। पियांश नाम के इस बिहारी लाल ने भारत को सर्वोच्च पदक दिलाकर बिहार ही नहीं भारत को गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता आयरलैंड के लिमरिक शहर में हो रहा था और पिछले पूरे हफ्ते में यह प्रतियोगिता चला। यह सदन उसकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करता है और मैं पूरे बिहार एवं सदन की ओर से उनके इस कीर्ति के लिए उन्हें बधाई देता हूं।

राज्य में अनियमित मानसून/बाढ़/सुखाड़/अल्पवृष्टि जैसी स्थितियों में खरीफ 2023 में आकस्मिक फसल योजनान्तर्गत बीज वितरण हेतु सहायता देने के निर्णय से किसान लाभान्वित हुए हैं।

साइबर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण हेतु 44 साइबर पुलिस थानों की स्थापना के निर्णय से लोगों को अपने मेहनत की कमाई के छिने जाने की चिन्ता से मुक्ति मिलेगी। पूर्णिया एवं दरभंगा हवाई अड्डे पर नए सिविल इनक्लेव के निर्माण हेतु किए जानेवाले प्रयासों की भी प्रशंसा हो रही है। विदेश से मेडिकल की पढ़ाई करने वाले बिहार के बच्चों को राज्य के मेडिकल कॉलेजों में इन्टर्नशिप की सुविधा देना राज्य सरकार का प्रशंसनीय कदम है।

बिहार बायोफ्यूल्स उत्पादन प्रोत्साहन नीति, 2023 की स्वीकृति का सकारात्मक असर पर्यावरण-संरक्षण की दिशा में होगा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में आधुनिकीकरण एवं सुधार योजना के दूरगामी प्रभाव होंगे और समाज का सबसे अंतिम व्यक्ति इससे अधिक लाभान्वित होगा। इसी प्रकार, पंचायती राज विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों हेतु पदों के सृजन की स्वीकृति से ग्रामीण इलाकों की व्यवस्था अधिक सुसंगत होगी।

देशी गोपालन प्रोत्साहन योजना के तहत राज्य के युवाओं के लिए साहिवाल, गिर और थारपारकर नस्ल की देशी गाय की डेयरी इकाई की स्थापना पर अनुदान व्यय की स्वीकृति से रोजगार सृजन के साथ देशी नस्लों की गुणवत्ता में भी वृद्धि होगी।

जलवायु परिवर्तन के कारण राज्य में वज्रपात से हुई मृत्यु की घटनाओं में वृद्धि हुई है। इस प्राकृतिक आपदा की ओर वैज्ञानिकों का ध्यान आकृष्ट होना चाहिए। वज्रपात के कारण होने वाली क्षति से बचने के लिए पूर्व में उपयोग में लाई जाने वाली पारंपरिक सुरक्षा प्रणाली पर ध्यान देना समीचीन होगा और ऐसी हानि को कम करना हमारी प्राथमिकता सूची में सम्मिलित होना चाहिए।
मुझे विश्वास है कि सदन के सफल संचालन में आप सभी माननीय सदस्यों का रचनात्मक सहयोग प्राप्त होगा और सभी विषयों पर सकारात्मक विमर्श से समाधान के नए रास्ते प्रशस्त होंगे। सत्र संचालन में पूर्व की भांति परिषद् सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मियों तथा लोकतंत्र के प्रहरी मीडिया के बंधुओं से भी अपेक्षित सहयोग की आशा करता हूं।

अंत में, मैं पुन: आप सबों का हार्दिक स्वागत करता हूं। धन्यवाद।